नगर निगम, शाहजहाँपुर।

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

<u>दिनांक 21.10.2020</u>

- **नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 21 अक्टूबर 2020 को नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत ककरा काकर कुण्ड में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन एम0आर0एफ0 सेन्टर तथा निर्माणाधीन तालाब एवं शमशानघाट लिंक रोड का निरीक्षण किया गया।**
- **नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान के अन्तर्गत नगर में नियमित सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।**

1. नगर आयुक्त महोदय द्वारा आज दिनांक 21 अक्टूबर 2020 को नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत ककरा काकर कुण्ड में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सालिड बेस्ट मैनेजमेन्ट अन्तर्गत निर्माणाधीन एम0आर0एफ0 सेन्टर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एम0आर0एफ0 सेन्टर का फर्श बनाकर तत्काल ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन का कार्य प्रारम्भ कर दिया जाये साथ ही मुख्य अभियन्ता सिविल को एम0आर0एफ0 सेन्टर का निर्माण शत प्रतिशत एक माह में पूर्ण कराये जाने तथा एम0आर0एफ0 सेन्टर के बगल में नाले के किनारे एक फिट ऊँची दीवार का निर्माण कराकर मिट्टी भराव कराते हुये ग्रीन बेल्ट का निर्माण कराया जाने हेतु निर्देशित किया गया। ककरा कलां मे निर्माणीधीन तालाब को मुख्य सड़क से जोड़े जाने के लिये राजस्व टीम को मार्ग चिन्हित करने का निर्देश दिया गया एवं तालाब के पास एक शौचालय निर्मित करने तथा निर्माणाधीन तालाब में पानी के आने व निकासी की व्यवस्था के साथ तालाब के सौंदर्यीकरण के लिये मुख्य अभियन्ता,सिविल को निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त ककरा कलां में शमशानघाट स्थल में जाने वाले मार्ग को चिन्हित करने के लिये राजस्व टीम को निर्देशित किया गया है। मार्ग निर्माण के साथ ग्रीन वेल्ट बनाने के लिये मुख्य अभियन्ता,सिविल को निर्देशित किया गया। शमशानघाट के अन्दर घास की सफाई एवं सफाई व्यवस्था के लिये नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया। बहादुरपुरा में अग्निशमन कार्यालय के निकट निर्माणाधीन ट्रान्सफर स्टेशन के पास लगा हैन्डपम्प को हटाने के लिये महाप्रबन्धक (जल) को निर्देशित साथ ही दो पेडो को काटने हेतु अनुमति प्राप्त हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त महोदय द्वारा बहादुरपुरा स्थित नाले पर सर्विस लेन का निर्माण कराये जाने के दिये निर्देश। निरीक्षण के समय श्री अंगद गुप्ता,सहायक नगर आयुक्त, श्री दिनेश चन्द्र सचान,मुख्य अभियन्ता (सिविल),श्री विपुल कुमार सहायक अभियन्ता (सिविल) एवं श्री विक्रमाजीत यादव,अवर अभियन्ता उपस्थित रहे।

2. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार सफाई अभियान के अन्तर्गत नगर में नियमित सफाई के अतिरिक्त सभी सफाई जोनो में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। सफाई जोन–1 में एमनजई जलालनगर,सफाई जोन–3 मो0 आनन्दपुरम कालोनी सफाई जोन–4 मो0 महमानशाह सफाई जोन–5 मो0 सरायकाईयॉं इन स्थानो पर वृहद सफाई का कार्य एवं कूड़ा उठाने तथा दवा का छिड़काव कराया गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा आज दिनांक 21.10.2020 को ध्वनि विस्तारण के माध्यम से नियिमत रूप से हाथ धोने, मास्क लगाने, दो गज की दूरी रखने तथा संक्रमण के बचाव का उपाय बताते हुये लोगो को जागरूक किया जा रहा, नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार खाली प्लाटो पड़े पर कूड़े को साफ कराया जा रहा है। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर में बिना किसी कार्य के बाहर न निकले, मास्क का प्रयोग करने, अपनी सुरक्षा हेतु हाथ धोने,सेनेटाइजेशन और 02 गज दूरी बनाये रखने हेतु अपील किया गया। सार्वजनिक स्थानो पर गंदगी करने,थकने,मास्क न पहने आदि पर जुर्माना लगाने एवं चालान करने निर्देश दिया गया है।. नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार प्रतिबन्धित पालीथीन के उपयोग रोकने हेतु की गई कार्यवाही की जा रही है, नवरात्रि एवं दशहरा त्यौहार के दृष्टिगत नगर के विभिन्न पूजा स्थलो पर पेयजल, प्रकाश व्यवस्था ठीक कराते हुये सफाई, दवा छिड़काव तथा सेनेटाईजेशन का कार्य किया गया।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉंपुर